Publication: **Navbharat** | Region: **Mumbai** | Date: **13/03/2014** | Page No.: **7**

रिलायंस लाइफ का स्मार्ट कैश प्लस प्लान

व्यापार प्रतिनिधि

मुंबई. निजी क्षेत्र की प्रमुख बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने नया परंपरागत बीमा उत्पाद 'रिलायंस स्मार्ट कैश प्लस प्लान' पेश किया है. नई योजना नियमित प्रीमियम वाली योजना है जो दीर्घकालीन सुरक्षा तथा बचत के साथ हर तीन साल पर एकमुश्त भुगतान की गारंटी देती है.

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी अनूप राऊ ने कहा कि स्मार्ट कैश प्लस योजना उन ग्राहकों को कई लाभ यानी दीर्घकालीन सुरक्षा, बचत एवं निश्चित समय पर नकद प्राप्ति की पेशकश करती है जो साधारण बीमा उत्पाद के साथ नियमित अंतराल पर निश्चित राशि की गारंटी चाहते हैं.